कार्यालय, जिलाधिकारी भदोही।

पत्रांक 91 /जि0वि0नि0/2024 दिनांक 09अप्रैल, 2024

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
विन्ध्याचल मण्डल , मीरजापुर।

अधोहस्ताक्षरी के पोर्टल पर जनपद भदोही में सी0बी0 एस0ई0/सी0 आई0एस0सी0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु मार्डन पब्लिक स्कूल अभयनपुर तहसील भदोही के संस्था को अनापत्ति प्रमाण निर्गत किये जाने प्रस्तुत किया गया है, जिस पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी भदोही से आख्या प्राप्त करते हुए अपना मन्तव्य पोर्टल पर अंकित कर दिया गया है।

अतः अपने स्तर से पोर्टल का अवलोकन करते हुए नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः—यथोक्त।

(विशाल सिंह)
जिलाधिकारी
भदोही।

कार्यालय मण्डलीय ... डाक प्राप्ति दिनाँक 10.4.2024 प्राप्तकर्ता का नाम

d.vir.2017do2682

प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक
भदोही।

सेवा में,

जिलाधिकारी
भदोही।

पत्रांक/ 74 /2024–25, दिनांक 06-04-2024

विषय– माडर्न पब्लिक स्कूल अभयनपुर, भदोही को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के लिए विद्यालय भवन की सत्यापन रिपोर्ट प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या/60/ओ0एस0डी0/2024 दिनांक 19 मार्च, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसके साथ संलग्न माडर्न पब्लिक स्कूल अभयनपुर, भदोही को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के लिए विद्यालय भवन की सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने का निर्देश प्रदान किया गया है।

उक्तादेश के अनुक्रम में दिनांक 06.04.2024 को माडर्न पब्लिक स्कूल अभयनपुर, भदोही का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में भवन की स्थिति निम्नवत पायी गयी है–

01. नेशनल बिल्डिंग कोड का प्रमाणपत्र सक्षम अधिकारी द्वारा दिनांक 28.12.2022 को निर्गत है, जिसकी सत्यापित छायाप्रति संलग्न है।
02. अग्निशमन का प्रमाणपत्र सक्षम अधिकारी द्वारा दिनांक 24.04.2023 को निर्गत है, जिसकी सत्यापित छायाप्रति संलग्न है।
03. विद्यालय भवन की स्थिति निम्नवत है–

क्र0सं0	प्रयोजन	कक्षों की संख्या	माप वर्ग मी0 में	छत का प्रकार
01	शिक्षण कक्ष	21	8×6 = 48 वर्ग मी0	आर0सी0सी0 लिण्टर्ड
02	विज्ञान प्रयोगशाला	03	9×6 = 54 वर्ग मी0	आर0सी0सी0 लिण्टर्ड
03	गणित प्रयोगशाला	01	8×6 = 48 वर्ग मी0	आर0सी0सी0 लिण्टर्ड
04	कम्प्यूटर प्रयोगशाला	01	9×6 = 54 वर्ग मी0	आर0सी0सी0 लिण्टर्ड
05	पुस्तकालय	01	14×8 = 112 वर्ग मी0	आर0सी0सी0 लिण्टर्ड
06	प्रधानाचार्य कक्ष	01	6×9 = 54 वर्ग मी0	आर0सी0सी0 लिण्टर्ड
07	अध्यापक कक्ष	03	8×6 = 48 वर्ग मी0	आर0सी0सी0 लिण्टर्ड
08	कार्यालय कक्ष	02	4×6 = 24 वर्ग मी0	आर0सी0सी0 लिण्टर्ड

04. सी0सी0टी0वी0 कैमरा/बायोमैट्रिक विद्यालय पर उपलब्ध है।
05. विद्यालय भवन के भूतल पर 07 बालक तथा 07 बालिका शौचालय है, प्रथम तल पर 07 बालक तथा 07 बालिका शौचालय है तथा द्वितीय तल पर 07 बालक तथा 07 बालिका शौचालय है।

भूमि के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी, भदोही द्वारा प्रेषित रिपोर्ट में विद्यालय के पास 8000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल से अधिक की भूमि है। भूमि की खतौनी में माडर्न पब्लिक स्कूल का नाम दर्ज है। खेल का मैदान का क्षेत्रफल 200 वर्ग मीटर मानक के अनुरूप है।

उपरोक्तानुसार माडर्न पब्लिक स्कूल अभयनपुर, भदोही की विद्यालय भवन की आख्या, फोटोग्राफ्स एवं उप जिलाधिकारी, भदोही द्वारा प्रेषित भूमि की आख्या/नजरी नक्शा, उद्धरण खतौनी संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय
06.4.24
(विकायल भारती)
जिला विद्यालय निरीक्षक
भदोही।